

हिन्दी दैनिक

# पथ प्रवाह

RNI No.: UTTHIN/2011/39282

निर्भीक, निष्पक्ष, सच का प्रवाह



वर्ष:5 अंक:157 पृष्ठ:08 मुल्य:1 रूपये | pathpravah.com | हरिद्वार, शनिवार, 13 जून 2026


# विश्व योगासन चैंपियनशिप में आचार्यकुलम् का दमदार प्रदर्शन, विद्यार्थियों ने जीते स्वर्ण पदक

**पथ प्रवाह, हरिद्वार/ अहमदाबाद।**

गुजरात के अहमदाबाद स्थित 'द एरीना बाय ट्रांस स्टेडिया' में हाल ही में आयोजित प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में भारतीय योगासन टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए विश्व मंच पर भारत का परचम लहराया है। प्रतियोगिता में 78 देशों के लगभग 600 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस कड़े मुकाबले में भारत की 122 सदस्यीय टीम ने अभूतपूर्व श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए कुल 114 पदक अपने नाम किए, जिनमें 102 स्वर्ण, 9 रजत एवं 3 कांस्य पदक शामिल हैं।

प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, साध्वी देवप्रिया, मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश मित्तल सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी खिलाड़ियों तथा देशवासियों से संवाद कर उन्हें योग के प्रति प्रोत्साहित किया।




### आचार्यकुलम् के खिलाड़ियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए पतंजलि योगपीठ से संचालित 'आचार्यकुलम' के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने स्वर्णिम इतिहास रचा। विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने तकनीकी दक्षता, संतुलन और अद्भुत लचीलेपन का प्रदर्शन कर दर्शकों और निर्णायकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। अथर्व सिंह नेगी (सब जूनियर वर्ग) ने हैंड बैलेंसिंग एवं ट्रेडिशनल योगासन ग्रुप स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। अल्का शर्मा (बालिका वर्ग) ने अपनी श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। यति यशवी (जूनियर बालिका वर्ग) ने तकनीकी श्रेष्ठता के दम पर स्वर्ण पदक हासिल किया।

### सफलता के पीछे गुरुओं का कठिन परिश्रम

खिलाड़ियों की इस अविश्वसनीय सफलता में आचार्यकुलम्, हरिद्वार योगासन एसोसिएशन तथा पतंजलि योगपीठ से जुड़े प्रशिक्षकों के समर्पण, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आचार्यकुलम् की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन डॉ. ऋतंभरा, प्रधानाचार्या स्वाति मुंशी, उपप्रधानाचार्य तपस कुमार बेरा, समन्वयक दीपा देवी, खेल विभागाध्यक्ष अमित दानी तथा समस्त आचार्यों ने विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। प्रबंधन ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी संस्थान के विद्यार्थी इसी तरह राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत, उत्तराखण्ड और आचार्यकुलम् का नाम रोशन करते रहेंगे। स्वामी रामदेव ने कहा कि योगासन केवल एक खेल नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन का आधार है, जो मानवता के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। आचार्यकुलम् के यह प्रतिभाशाली विद्यार्थी भविष्य में भारत को योग के क्षेत्र में विश्वगुरु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आचार्य बाल कृष्ण ने कहा कि सभी विजेता खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। उनकी यह सफलता निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन और भारतीय संस्कृति के संवर्धन के लिए देश के अन्य युवाओं को भी प्रेरित करेगी। महासचिव विश्व योगासन महासंघ एवं भारत योगासन डॉ जयदीप आर्य ने कहा कि विश्व योगासन चैंपियनशिप में भारत का यह प्रदर्शन सिद्ध करता है कि योगासन खेल के क्षेत्र में भारत विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता रखता है। आचार्यकुलम् एवं पतंजलि से जुड़े खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के अथक प्रयासों ने भारतीय टीम को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।

## एक नजर

### राष्ट्रपति के उत्तराखंड आगमन पर सीएम ने किया स्वागत



पथ प्रवाह, देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के देवभूमि उत्तराखण्ड आगमन पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

### स्वदेशी अवाक्स प्रणाली 'नेत्र' को वायु सेना के बेड़े में शामिल होने की मंजूरी मिलेगी 25 जून को

नयी दिल्ली। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा भारत स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 25 जून को एक अहम उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। उस दिन रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की स्वदेशी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल ( अवाक्स ) प्रणाली 'नेत्र' को बेंगलुरु 'सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स' प्रयोगशाला में अंतिम संचालन मंजूरी मिलने की औपचारिक घोषणा की जायेगी। इस मंजूरी से देश के पहले स्वदेशी 'एयरबोर्न सर्विलांस और कमांड-एंड-कंट्रोल प्लेटफॉर्म' के सफल संचालन के लिए तैयार होने का पता चलता है।

### पेट्रोल पंप पर एक दिन में अधिकतम 200 लीटर डीजल मिलेगा, नया आदेश जारी

नयी दिल्ली, 12 जून (वार्ता) सरकार ने पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी रोकने और इसके विनियमन के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत नया आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि किसी भी वाहन या व्यक्ति को एक दिन में पेट्रोल पंप पर 200 लीटर से अधिक डीजल नहीं मिलेगा। नये नियम से लंबी तथा मध्यम दूरी के माल परिवहन वाले ट्रकों पर असर पड़ने की संभावना है।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिवंगत निशानेबाज जसपाल राणा के आवास पहुंचकर व्यक्त की शोक संवेदना

**पथ प्रवाह, देहरादून।**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पद्मश्री से सम्मानित एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त निशानेबाज स्वर्गीय जसपाल राणा के देहरादून आवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय जसपाल राणा के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की।

मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की।



# भोपाल में रहकर पाकिस्तान के इशारे पर कर रहा था अफगानिस्तान में अंशाति फैलाने की तैयारी

**केंद्रिय जॉच एंजेसी से मिले इनपुट पर एटीएस ने पुराने शहर से संदिग्ध को किया गिरफ्तार- पाक से भेजे गए कथित देश विरोधी दस्तावेज बरामद**

भोपाल। राजधानी भोपाल की एटीएस ने पुराने शहर के हनुमानगंज थाना इलाके में स्थित काजी कैंप क्षेत्र से एक ऐसे संदिग्ध पाकिस्तानी आंतकी संगठन से जुड़े एजेंट को गिरफ्तार किया है, जो भोपाल में रहकर पाकिस्तानी आतंकी संगठन के इशारे पर अफगानिस्तान में अशांति फैलाने की तैयारी में जुटा था। संदिग्ध युवक बीते काफी समय से पाकिस्तानी आंतकी संगठन के संपर्क में था। सूत्रो के मुताबिक युवक के लगातार पाकिस्तानी एंजेट से संपर्क में रहने पर इसकी भनक केंद्रीय जांच एजेंसी को लग गई। इसके बाद भोपाल एटीएस ने केंद्रीय जॉच एंजेसी से मिले इनपुट के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया। लोकल सूत्रो के अनुसार पकड़ाये गये युवक का नाम मोहम्मद फराज बताया गया है, जो कॉग्रेंस नगर में रहते हुए एक डॉक्टर के



क्लिनिक पर काम करता है। टीम ने इनपुट मिलने के बाद घेराबंदी कर उसे नगर निगम कॉलोनी के पास से गिरफ्तार किया है। उस पर देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक युवक को पाकिस्तानी आंतकी संगठन के नेटवर्क से जुड़े होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सूत्र बताते है की शुरुआती जांच में उसके कब्जे से पाकिस्तान से भेजे गए कथित देश विरोधी दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। वहीं यह भी पता चला है, की पकड़ाया गया आरोपी युवक कथित तौर पर विशेष ट्रेनिंग के लिए अफगानिस्तान जाने की तैयारी कर रहा था। जानकारी के मुताबिक आरोपी मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग भी ले रहा था। जांच एजेंसियों को उसके उत्तर प्रदेश के देवबंद मदरसे से जुड़े कुछ संपर्कों की भी जानकारी मिली है, जिसे लेकर आगे की पड़ताल की जा रही है। फिलहाल एजेंसी उससे पूछताछ कर उसके लोकल नेटवर्क सहित स्थानीय और विदेशी संपर्कों के साथ ही उसके द्वारा की जा रही संभावित गतिविधियों की जांच में जुटी है। जॉच एंजेसी आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर आगे की पूछताछ करने की तैयारी है।

# सोमवती अमावस्या और वीकेंड को लेकर हरिद्वार पुलिस ने जारी किया यातायात प्लान

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

वीकेंड तथा सोमवती अमावस्या स्नान पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने व्यापक यातायात व्यवस्था लागू की है। पुलिस ने आमजन और वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित यातायात प्लान का पालन करें तथा व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें।



पुलिस के अनुसार, 13 से 15 जून तक यातायात का दबाव बढ़ने पर भारी वाहनों को जनपद की सीमाओं पर ही रोक दिया जाएगा। वहीं दिल्ली, मेरठ और मुजफ्फरनगर की ओर से आने वाले वाहनों को आवश्यकता पड़ने पर नगलाइमरती से डायवर्ट कर बैरागी कैंप पार्किंग और हंडिया क्षेत्र में पार्क कराया जाएगा। चीला मार्ग का उपयोग केवल वाहनों के निकास (एग्जिट) के लिए किया जाएगा। गुरूकुल कांगड़ी सर्विस लेन से सिंहद्वार होते हुए शंकराचार्य चौक तक यातायात संचालित किया जाएगा। टोल प्लाजा पर दबाव बढ़ने की स्थिति में नहर पटरी मार्ग का उपयोग किया जाएगा। वहीं देहरादून और ऋषिकेश जाने वाली निजी बसों को आवश्यकता पड़ने पर मोहंड मार्ग से भेजा जाएगा।

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हरिद्वार आने वाले वाहनों के लिए सामान्य रूट निर्धारित किए गए हैं। अधिक भीड़ होने पर वाहनों को लक्सर, फेरूपुर और गाजीपुर मार्ग से डायवर्ट कर बैरागी कैंप पार्किंग में भेजा जाएगा। मुरादाबाद और नजीबाबाद से आने वाले छोटे वाहनों को चिड़ियापुर, श्यामपुर और चंडी चौक होते हुए शहर में प्रवेश मिलेगा, जबकि बड़े वाहनों को गोरीशंकर-नीलधारा पार्किंग में भेजा जाएगा। देहरादून और ऋषिकेश से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को नेपाली फार्म और रायवाला होते हुए हरिद्वार भेजा जाएगा। इनके लिए लालजीवाला, पंतदीप और चमगादड़ टापू पार्किंग निर्धारित की गई है। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ से दिल्ली-एनसीआर की ओर लौटने वाले वाहनों को नेपाली फार्म, रायवाला और चंडी चौक होते हुए एनएच-344 मार्ग से भेजा जाएगा। वहीं नजीबाबाद जाने वाले वाहनों को श्यामपुर मार्ग से निकाला जाएगा।

भीड़ बढ़ने की स्थिति में देहरादून, ऋषिकेश और रायवाला की ओर से आने वाले ऑटो और विक्रम केवल जयराम मोड़ तक ही संचालित होंगे। वहां यात्रियों को उतारने के बाद उन्हें वापस लौटना होगा। इसके अलावा ललतारौ पुल से शिवमूर्ति तिराहे तक सभी प्रकार के ऑटो, विक्रम और टैक्सियों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। 13 जून को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक हरिद्वार में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं 14 जून सुबह 6 बजे से लेकर 15 जून को सोमवती अमावस्या स्नान पर्व समाप्त होने तक शहर क्षेत्र में सभी भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। 14 जून रात 8 बजे से सभी बसों, ट्रैक्टरों और बड़े यात्री वाहनों को हनुमान वाटिका होते हुए चमगादड़ टापू पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा। 15 जून सुबह 3 बजे से दिल्ली-मेरठ-मुजफ्फरनगर मार्ग से आने वाले सभी बड़े वाहनों को नगलाइमरती से डायवर्ट कर लक्सर, गाजीपुर और श्रीराम पुलिया मार्ग से बैरागी कैंप पार्किंग भेजा जाएगा।

एसएसपी नवनीत सिंह ने कहा है कि यातायात की वास्तविक स्थिति को देखते हुए डायवर्जन और प्रतिबंध के समय में आवश्यक बदलाव किए जा सकते हैं। श्रद्धालुओं और वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे निर्धारित मार्गों का उपयोग करें, पार्किंग स्थलों का पालन करें और पुलिस प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें ताकि स्नान पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके।

## एक नजर

### महिला के साथ मारपीट, जबरन तीन तलाक देने का आरोप

पथ प्रवाह, हरिद्वार। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के रणसूरा गांव की एक महिला ने अपने पति और उसके दो साथियों पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा पति पर जबरन तीन तलाक देने का गंभीर आरोप भी लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रणसूरा निवासी आईशा ने शिकायत में बताया कि उसकी शादी 15 मार्च 2023 को मंगलौर क्षेत्र के बिजौली गांव निवासी शमशाद पुत्र शराफत के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। महिला का आरोप है कि विवाह के बाद से ही उसे कम दहेज लाने को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। पीड़िता ने बताया कि 3 अक्टूबर 2025 को उसने एक पुत्र को जन्म दिया था, लेकिन जन्म के कुछ दिनों बाद 10 अक्टूबर को उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद से वह 18 अक्टूबर 2025 से अपने मायके में रह रही है। महिला के अनुसार 12 अप्रैल 2026 की शाम करीब पांच बजे उसका पति शमशाद, मुकर्रम पुत्र अकबर निवासी रतनपुर और शाहनवाज पुत्र शराफत निवासी बिजौली के साथ उसके घर पहुंचा। आरोप है कि तीनों ने उसके साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर शमशाद ने टूटी हुई कांच की बोतल से हमला कर दिया, जिससे उसके दाहिने कान और गर्दन पर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद मामला शांत हुआ। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान मुकर्रम और शाहनवाज के उकसाने पर उसके पति ने उसकी इच्छा के विरुद्ध उसे तीन तलाक दे दिया। कोतवाली प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर गुरुवार रात पति समेत तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हरिद्वार के सभी विकास खंडों में 13 जून को होगा जन कल्याण शिविरों का आयोजन

पथ प्रवाह, हरिद्वार। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने बताया कि मुख्य सचिव, उत्तराखंड शासन, देहरादून के निर्देशों के अनुपालन एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद हरिद्वार के सभी विकास खंड स्तर पर दिनांक 13 जून 2026 (शनिवार) को प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक जन कल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन विकास खंड बहादराबाद, लक्सर, खानपुर, रुड़की, नारसन एवं भगवानपुर के खंड विकास अधिकारी कार्यालयों में किया जाएगा। शिविरों में आयुष्मान भारत, पीएम सूर्य घर, लखपति दीदी सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर के दौरान आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा तथा संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जनप्रतिनिधियों को भी शिविरों में सहभागिता हेतु आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है तथा कार्यक्रम उपरांत संक्षिप्त आख्या एवं छायाचित्र उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### 'कम तेल की थाली, स्वस्थ भारत की खुशहाली' अभियान, डॉ. धन सिंह रावत बोले– संतुलित आहार स्वस्थ समाज की नींव

पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। भाजपा महिला मोर्चा ने 'कम तेल की थाली, स्वस्थ भारत की खुशहाली' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि अधिक तेल कई गंभीर बीमारियों का कारण है, संतुलित-पौष्टिक भोजन ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रावत ने पीएम मोदी के जन-जागरूकता अभियानों की सराहना की। उन्होंने लोगों से स्वस्थ भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष कमला तिवारी ने की। कमला तिवारी ने कहा कि यह अभियान हर परिवार को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने का प्रयास है। उन्होंने महिलाओं से रसोई में तेल का सीमित उपयोग अपनाने और परिवार के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कहा, 'स्वस्थ परिवार ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, दायित्वधारी गोविंद सिंह पिलख्वाल, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, जिला सहकारी बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष ललित लटवाल, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, मीडिया प्रभारी मनीष जोशी, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र बिष्ट मौजूद रहे। महिलाओं व नागरिकों को अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराकर इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। दीपा पांडे, ममता शाह, प्रीति रस्तोगी, मीरा बिष्ट, रेखा बिष्ट, दीपा अधिकारी समेत कई महिला कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# तीन लाख रुपये में बेचने के लिए किया था बच्ची का अपहरण, पुलिस ने सकुशल किया बरामद

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के नेतृत्व में हरिद्वार पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 10 दिन पहले चोरी हुई चार माह की मासूम बच्ची को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। अपनी बच्ची को पाकर परिजनों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई।



मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि घटना 27-28 मई की रात की है, जब उत्तर प्रदेश के संभल निवासी पुष्पेंद्र अपने परिवार के साथ गंगा स्नान के लिए हरिद्वार आए थे। विष्णु घाट के निकट एक पेड़ के नीचे परिवार सो रहा था। सुबह जागने पर उनकी चार माह की बेटी गायब मिली। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

बच्ची की तलाश को लेकर स्वयं निगरानी करते हुए पुलिस टीमों को सक्रिय किया। सीसीटीवी फुटेज, बस और रेलवे यात्रा की जानकारी तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध दंपत्ति की पहचान की, जो पहले विष्णु घाट पर एक बच्चे के साथ और अगले दिन दो बच्चों के साथ दिखाई दिए थे। जांच में पता चला कि संदिग्ध दंपत्ति हरिद्वार से धामपुर और वहां से ट्रेन द्वारा पश्चिम बंगाल के हावड़ा जाने के लिए निकले थे। पुलिस ने धामपुर से हावड़ा के बीच पड़ने वाले 65 रेलवे स्टेशनों तक जानकारी जुटाई, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिला। इसके बाद जांच का एंगल बदलते हुए पुलिस ने दंपत्ति की हरिद्वार में गतिविधियों की पड़ताल की। जांच के दौरान पता चला कि उक्त महिला और पुरुष अपने बच्चे के साथ शिवालिक नगर क्षेत्र की ब्रह्मपुरी में झाड़-फूंक करने वाले बाबा सत्यपाल की झोपड़ी में रह रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने दबिश देकर बाबा सत्यपाल, दंपत्ति और अपहृत बच्ची को बरामद कर लिया। पहचान कराने पर पुष्टि हुई कि बरामद बच्ची वही चार माह की मासूम है, जिसका अपहरण किया गया था। बताया कि पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दंपत्ति के चार बच्चे हैं। महिला के एक रिश्तेदार ने उसे बताया था कि एक परिवार बेटे के बदले तीन लाख रुपये देने को तैयार है। लालच में आकर दंपत्ति ने यह बात अपने परिचित सत्यपाल को बताई। योजना के तहत वे हरिद्वार पहुंचे और घाटों पर बच्चे चोरी करने का मौका तलाशने लगे। 28 मई की सुबह उन्होंने सो रहे परिवार के बीच से एक बच्चे को लड़का समझकर उठा लिया, लेकिन बाद में पता चला कि वह बच्ची है। आरोपियों ने बच्ची को बेचने की योजना बनाई थी, लेकिन हरिद्वार लौटने पर पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। मामले में बाबा सत्यपाल की भूमिका भी सामने आई है, जिसने कथित रूप से पूरी साजिश रचने में सहयोग किया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के नाम पते सत्यपाल पुत्र विजय सिंह निवासी सैदाबाद, लक्सर, हरिद्वार, लाल बहादुर पुत्र कन्हैया लाल निवासी नगरिया, थाना जसवंतनगर, इटावा (उ.प्र.) व प्रीति रानी पत्नी लाल बहादुर निवासी नगरिया, थाना जसवंतनगर, इटावा (उ.प्र.) बताए गए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उनका चालान कर दिया है।

इस महत्वपूर्ण खुलासे में चौकी प्रभारी रोड़ीबेलवाला नवीन सिंह चौहान, हेड कांस्टेबल सतीश नौटियाल, कांस्टेबल निर्मल रागढ़ तथा सीआईयू के कांस्टेबल वसीम की विशेष भूमिका रही।

# शातिर वाहन चोर गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार, चोरी के 12 दुपहिया वाहन बरामद

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत भगवानपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के 12 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं।



पकड़े गए वाहन चोरों के बारे में जानकारी देते हुए एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि भगवानपुर क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं के बाद विशेष अभियान चलाया गया। जांच के दौरान करीब 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और पिछले पांच वर्षों में जेल से छूटे वाहन चोरों का सत्यापन कर उनसे पूछताछ की गई। साथ ही सहारनपुर, मुजफ्फरनगर समेत सीमावर्ती जिलों की पुलिस और जेल प्रशासन से भी सूचनाएं जुटाई गईं। 11 जून को खेलपुर रोड से खानपुर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने तीन संदिग्ध युवकों को दो चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों की निशानदेही पर कुल 12 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

गिरफ्तार आरोपियों में सहारनपुर निवासी कुलदीप सैनी निवासी अम्बेहटी, थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर (उ.प्र.), कुलदीप कुमार निवासी दादनौर, थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर (उ.प्र.) और मुनव्वर नवासी कुण्डाकला, थाना गंगोह, जनपद सहारनपुर (उ.प्र.) शामिल हैं। इनमें से कुलदीप सैनी पर चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत 11 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जबकि कुलदीप कुमार के खिलाफ भी दो मुकदमे दर्ज पाए गए हैं। तीसरे आरोपी मुनव्वर के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

बरामद वाहनों में भगवानपुर और कलियर क्षेत्र से चोरी की गई मोटरसाइकिलों के अलावा हिमाचल प्रदेश के बद्दी जनपद से चोरी हुई एक बुलेट मोटरसाइकिल भी शामिल है। अन्य बरामद वाहनों के संबंध में पुलिस जानकारी जुटा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीमावर्ती जिलों तक फैली जांच और तकनीकी निगरानी के चलते वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश संभव हो सका। इस कार्रवाई से अपराधियों को स्पष्ट संदेश गया है कि हरिद्वार में अपराध कर बच निकलना अब आसान नहीं होगा।



## एक नजर

### हरिद्वार के 16 परीक्षा केंद्र पर होगी उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा

पथ प्रवाह, हरिद्वार। नगर मजिस्ट्रेट हरिद्वार हर गिरी ने बताया उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत स्नातक स्तरीय अहर्ता के पदों की लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन दिनांक 14 जून, 2026 रविवार को पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक एकल पाली में संपन्न करायी जायेगी। आयोजित परीक्षा जनपद हरिद्वार के 16 परीक्षा केंद्रों, अचिवर होम पब्लिक स्कूल लक्सर रोड जगजीतपुर, आर्दश शिशु निकेतन मोहल्ला धीरवाली निकट दूरसंचार पुरम ज्वालापुर, आनन्दमयी सेवा सदन म्यू0 महिला इण्टर कालेज भोलागिरी रोड निकट मायादेवी मंदिर, दीक्षा राईजिंग स्टार पब्लिक स्कूल ज्वालापुर पी.ए.सी. ईदगाह रोड ज्वालापुर, एच.ई.सी ग्रुप ऑफ इंस्टिटयूट् जगजीतपुर, डा0 हरिराम आर्य इण्टर कालेज निकट शंकराचार्य चौक कनखल, ज्वालापुर इण्टर कालेज निकट रेलवे स्टेशन ज्वालापुर, म्यूनिस्पल इण्टर कालेज ज्वालापुर नीलखुदाना ज्वालापुर, पन्नालाल भल्ला म्यूनिस्पल इण्टर कालेज मायापुर, पीएम श्री गर्वनमैंट गर्ल्स इण्टर कालेज निकट रेलवे फाटक ज्वालापुर, राष्ट्रीय इण्टर कालेज सीतापुर ज्वालापुर, एस.एम.एस.डी इन्टर कालेज कनखल झण्डा चौंक, सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कालेज मायापुर हरिद्वार, शिवडेल स्कूल लक्सर रोड जगजीतपुर, श्री गुरू रामराय पब्लिक स्कूल लक्सर रोड़ जगजीतपुर, एवं सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ज्वालापुर हरिद्वार* केंद्रों पर आयोजित की जायेगी। आयोजित परीक्षा के दौरान परीक्षा को नकल विहीन, बाधारहित, सुव्यवस्थित, निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा 163 लागू की जाती है। परीक्षा केन्द्र से 200 मीटर की परिधि में शान्ति व्यवस्था में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी पुलिस बल के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्र परिसर के अन्तर्गत परीक्षार्थी को पाठ्य सामग्री ले जाने की अनुमति कदापि नहीं होगी। परीक्षा केन्द्र परिसर में किसी भी व्यक्ति एवं परीक्षार्थी को सेलुलर फोन तथा पेजर ले जाने की अनुमति कदापि नहीं होगी। उपरोक्त आदेशों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

### लोक समस्या निवारण कैंप में अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष ने सुनीं जन समस्याएं




पथ प्रवाह, मंगलौर/हरिद्वार। नगर पालिका परिषद मंगलौर के पुराने भवन में शुक्रवार को आयोजित लोक समस्या निवारण कैंप में उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने आमजन की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कैंप के दौरान पेंशन, राशन कार्ड, तालाब पर अतिक्रमण समेत विभिन्न विषयों से संबंधित लगभग 10 शिकायतें प्राप्त हुईं। उपाध्यक्ष ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आयोजित कैंप में तीन विभागों के अधिकारी अनुपस्थिति पर फरजाना बेगम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यक्रमों में समय पर उपस्थित रहने और जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ ने कहा कि राज्य सरकार 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के कल्याण एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान उसकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मोहियुद्दीन अंसारी, अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी, अंकित रमोला, पहल सिंह, अनीता, महेंद्र सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### बहुउद्देशीय शिविर में उपाध्यक्ष ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

पथ प्रवाह, हरिद्वार। उत्तराखण्ड सरकार के उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं एवं अनुश्रवण समिति (राज्य मंत्री स्तर) तथा पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल ने जनपद हरिद्वार में ग्राम रसूलपुर के बारात घर में आयोजित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर बहुद्देशीय शिविर में प्रतिभाग किया। इस दौरान उपाध्यक्ष ने स्थानीय ग्रामीणों एवं लाभार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। शिविर में श्री कर्णवाल ने एस.आई.आर. (स्ढ्ढक्र) की समस्या को प्रमुखता से सुना और उस पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्या के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। श्री कर्णवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार का संकल्प है कि



समाज कल्याण की सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरलता एवं पारदर्शिता से पहुंचे। कर्णवाल ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने 26 जनवरी 1950 को कहा था की अब रानी के पेट से राजा पैदा नहीं होगा, एक नौकरानी का बेटा भी इस देश का राजा बनेगा। मैंने तुम्हे सविधान में वोट का अधिकार दिया है। इसलिए मतधिकार से बड़ा कोई भी अधिकार शासन प्रणाली मे नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किया जा रहा एस. आई. आर का कार्य प्रजातंत्रिक शासन प्रणाली मे मिल का पत्थर साबित होगा।

## त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति थे ब्रह्मलीन महंत देवानंद वन-श्रीमहंत रविंद्रपुरी

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

संत समाज ने राजस्थान के निरंजनी अखाड़े के ब्रह्मलीन महंत देवानंद वन के हत्यारों की गिरफ्तारी पर राजस्थान पुलिस का आभार व्यक्त किया और ब्रह्मलीन महंत देवानंद वन को श्रद्धांजलि दी। मनसा देवी मंदिर परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि निरंजनी अखाड़े के युवा संत ब्रह्मलीन महंत देवानंद वन की निर्मम हत्या पर समस्त संत समाज में शोक और रोष व्याप्त था। लेकिन राजस्थान पुलिस ने जिस तत्परता से कोटा के एसएसपी के नेतृत्व में कानूनी कार्रवाई करते हुए हत्यारों को गिरफ्तार किया है। उसके लिए एसएसपी और उनकी पुलिस टीम बधाई व आशीर्वाद की पात्र है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति ब्रह्मलीन महंत देवानंद वन विद्वान संत थे। उनके निधन से अखाड़े को जो क्षति हुई है। उसे कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा। मां गंगा उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। श्रीमहंत रविंद्रपुरी



महाराज ने सरकार से संतों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग भी की। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी, भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी एवं महंत राज गिरी ने कहा कि सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार में ब्रह्मलीन महंत देवानंद वन का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलते मानव कल्याण में योगदान करना चाहिए। श्रद्धांजलि देने वालों में महामंडलेश्वर स्वामी वेदमूर्ति पुरी, महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी रामानुज सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी आदियोगी पुरी, महामंडलेश्वर स्वामी वेदमूर्ति पुरी, महामंडलेश्वर स्वामी सहजानंद पुरी, मनसा देवी मंदिर के ट्रस्टी अनिल शर्मा, सीमा शर्मा एवं प्रबंधक महेश दुबे सहित कई संत महंत शामिल रहे।

## प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों पर कसा शिकंजा, सील और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से मचा हड़कंप







**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

हरिद्वार रूड़की विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण कार्य कर रहे और कालोनी विकसित करने वालों पर कार्यवाही की गई।

प्राधिकरण द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार औरंगाबाद जाने वाले मार्ग, अनेकी पुल के बाद बायी ओर, अनेकी हेतमपुर हरिद्वार में प्रबंधक आर्यन हैरिटेज स्कूल द्वारा पूर्व अध्यापित भवन के उपर, द्वितीय तल पर लगभग 120 गुणा 50 के क्षेत्र में निर्माण कार्य किया जा रहा है। बी0टी0 गंज, रूड़की, जिला-हरिद्वार में अशोक कुमार गुप्ता/हर्षित गुप्ता द्वारा स्वीकृत मानचित्र से भिन्न निर्माण किया जा रहा है। नहर पटरी रोड़, मौहम्मदपुर मदरसा के बगल में, रूड़की, जिला-हरिद्वार में फैशल द्वारा लगभग 10 से 12 बीघा भूमि में प्लॉटिंग का कार्य किया जा रहा है। पानी की टंकी के पास, ढण्डेरा, तहसील रूड़की, जिला-हरिद्वार में जितेन्द्र राणा आदि/ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा लगभग 5 से 6 बीघा भूमि पर अवैध रूप से प्लॉटिंग का कार्य किया जा रहा है। नेशनल हाईवे रोड़, करौन्दी, जिला-हरिद्वार में सोनू/हितबद्ध व्यक्ति द्वारा लगभग 4 से 5 बीघा भूमि पर प्लॉटिंग का कार्य किया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा उक्त सभी अनाधिकृत निर्माणों के विरूद्ध अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए वाद योजित किये गये है। स्थल पर निरंतर निर्देशों के बावजूद भी अनाधिकृत निर्माणकर्ताओं द्वारा स्थल पर निर्माण कार्य बंद ना करने के कारण प्राधिकरण टीम द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में अवैध निर्माणों को सील तथा अनाधिकृत प्लाटिंग/विकास कार्यो को ध्वस्त किया गया तथा मौके पर उपस्थित अनाधिकृत निर्माणकर्ताओं को स्वीकृत कराए बिना निर्माण कार्य ना किया जाने के लिए निर्देशित किया गया।

## स्वयंसेवी रक्तदाताओं का हुआ सम्मान, प्रधानाध्यापक दीपक कुमार हुए सम्मानित

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर हर मिलाप मिशन एवं जिला चिकित्सालय हरिद्वार के ब्लड बैंक परिसर में आयोजित एक गरिमामय समारोह में नियमित रूप से स्वयंसेवी रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर के प्रधानाध्यापक दीपक कुमार को उनके निरंतर एवं प्रेरणादायी रक्तदान योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. रविन्द्र चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि 'मानव जीवन की रक्षा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। रक्तदान एक ऐसा महादान है जो किसी अनजान व्यक्ति के जीवन में आशा का संचार करता है। समाज को ऐसे समर्पित रक्तदाताओं से प्रेरणा लेनी चाहिए, जो बिना किसी स्वार्थ के मानवता की सेवा में निरंतर योगदान दे रहे हैं। '

इस अवसर पर नर्सिंग ऑफिसर श्री शर्मा




ने कहा कि 'स्वयंसेवी रक्तदाता समाज की अमूल्य धरोहर हैं। इनके द्वारा दिया गया रक्त अनेक परिवारों के लिए जीवन का आधार बनता है। रक्तदान केवल एक चिकित्सीय आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवेदना का श्रेष्ठ उदाहरण है। '

सम्मान समारोह में वक्ताओं ने कहा कि मानव ईश्वर की श्रेष्ठ कृति है, किन्तु कुछ ही विरले व्यक्ति ऐसे होते हैं जो समाज सेवा और मानव सेवा को अपने जीवन का ध्येय बना लेते हैं। रक्तदान के माध्यम से दूसरों के जीवन में नई आशा का संचार करने वाले ऐसे व्यक्तित्व वास्तव में सम्मान के अधिकारी हैं। रक्तदान के क्षेत्र में उनका योगदान समाज के समक्ष एक अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत करता है तथा नई पीढ़ी को भी इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

कार्यक्रम में सम्मानित रक्तदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि 'समाज और राष्ट्र आपके इस मानवीय योगदान के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। आप शतायु हों तथा आपका जीवन यश, सेवा और कीर्ति का अमर कलश बने, यही हमारी मंगलकामना है।' इस अवसर पर अमित कुमार, सतीश, हरीश कुमार, दिनेश लखेड़ा, वर्णिक, मुकेश सहित अनेक समाजसेवी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण मानवता, सेवा और सामाजिक सरोकारों की भावना से ओतप्रोत रहा।

# संपादकीय

## जेन-जी महंगाई और बेरोजगारी से परेशान, सपनों में जी रहा

पूरी दुनिया में जेन-जी की आबादी चिंता का कारण बनती चली जा रही है। यह युवा आबादी ना तो अपने परिवार के बारे में सोचती है, नाही समाज के बारे में सोचती है, यह केवल अपने बारे में सोचती है। इसके पास शिक्षा की डिग्रियां भी हैं, लेकिन डिग्री के अनुरूप ज्ञान नहीं है। जीवन जीने का कोई अनुभव नहीं है। वह कोई चीज सीखना भी नहीं चाहते हैं। किसी चीज से जुड़ते हैं और उसे जल्दी ही छोड़ देते हैं। उनका सबसे ज्यादा समय सोशल मीडिया और इंटरनेट पर बीत रहा है, जिसके कारण वह सामान्य ज्ञान से भी दूर होते चले जा रहे हैं। वर्तमान की जो युवा पीढ़ी है वह डिग्री लेकर बड़े-बड़े सपने देखती है लेकिन डिग्री के अनुरूप उसके पास ना तो कोई ज्ञान होता है नाही वह कोई काम करना चाहता है जिसके कारण यह युवा पीढ़ी एक बड़ी चिंता का कारण भी बन रही है। जेन-जी को ना तो वामपंथी विचारधारा पर विश्वास है ना ही उसे पूंजीवाद पर विश्वास है, वह पूरी तरह से सेल्फिश होकर केवल अपने बारे में सोचती है। उसे अपने परिवार और मां-बाप की कठिनाइयों से भी कोई सरोकार नहीं रहता है। वह जब भी बात करता है केवल अपने हित की बात करता है। वह अपने माता-पिता और परिवार से दूर रहकर केवल अपनी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपने परिवार से उतना ही जुड़ता है जो उसकी जरूरत पूरी करने के लिए जरूरी होती हैं।

भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, यूरोपीय देश सभी में जेन-जी के इस बर्ताव से सामाजिक और पारिवारिक व्यवस्था में अब एक तनाव देखने को मिल रहा है। हाल ही में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट आफ पॉलिटिक्स ने 2020 से 2025 के बीच जो सर्वे किया था उसमें यह बात खुलकर सामने आई कि इस युवा पीढ़ी को पूंजीवाद वामपंथ समाजवाद इत्यादि विचारधारा से कोई लेना-देना नहीं है। यह केवल अपनी जरूरत से जुड़कर ही अपनी बात रखता है। मेरा किराया कम करो, फीस माफ करो, मुफ्त बस सेवा दो, मुझे नौकरी दो, नौकरी भी सबसे अच्छी वाली चाहिए है, जिसमें बड़ा वेतन मिलता हो, कॉरपोरेट ऑफिस हो। इस तरह की मांग इस युवा पीढ़ी की होती है, लेकिन यह अनुभव प्राप्त करने के लिए अथवा जो भी नौकरी या रोजगार करना चाहता है जो उसके सपने में है उसके लिए वह अपने आपको तैयार भी नहीं कर रहा है। सोशल मीडिया के जरिए उसके सपने बड़े-बड़े हो गए हैं। सारी दुनिया में क्या हो रहा है यह उसे पता है लेकिन उसका केरियर कैसे बनेगा इसके बारे में वह जरा भी गंभीर नहीं है। सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है कि यह अपने मां-बाप को भी अपना नहीं मानने के लिए तैयार है, क्योंकि वह उसकी जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते हैं। ऐसी स्थिति में वह उनसे भी नाराज रहकर विद्रोह करने की स्थिति में आ जाता है। वर्तमान में यह वर्ग बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी तथा इसका रहन-सहन और खर्च करने की आदत के कारण यह सबसे ज्यादा परेशान है। हाल ही में जो सर्वे हुए हैं उनमें 36 फ़ीसदी युवा इसी स्थिति से गुजर रहा है। यह युवा वर्ग अरबपतियों पर भारी टैक्स लगाने का पक्षधर है। यह बाजारवाद का शिकार हो गया है। सारी दुनियां में जिस तरह से कॉरपोरेट लगातार सामान की कीमत बढ़ाकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं, उससे यह युवा वर्ग के टारगेट में आते चले जा रहे हैं।

हाल ही में अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी निर्वाचित हुए हैं, उनकी जीत में सबसे बड़ा कारण यही बताया जा रहा है कि उन्होंने जेन-जी के इस मनोविज्ञान को समझा उन्होंने इसी वर्ग के लिए सबसे ज्यादा लोक लुभावन वायदे किए। ममदानी ने निम्न वर्ग और मध्य वर्ग को महंगाई से राहत दिलाने की बात की, उन्होंने महंगाई के खिलाफ सभी लोगों को एकजुट किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोध के बाद भी उन्होंने न्यूयॉर्क में मेयर के पद के चुनाव में जीत हासिल की।

## उड़ान के दौरान यात्री को पानी न देना उपभोक्ता सेवा में कमी!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

हिमाचल के जिला धर्मशाला उपभोक्ता आयोग ने उड़ान में बच्चों को पानी न देने के लिए थाई लायन एयर पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

यह परिवाद तरुण कुमार चौरसिया ने उपभोक्ता आयोग के समक्ष दायर किया था, जिन्होंने बैंकॉक की यात्रा के लिए अपने और अपने परिवार के लिए हवाई टिकट बुक किए थे।हेमांशु मिश्रा और आरती सूद की अध्यक्षता वाले जिला उपभोक्ता आयोग ने यह भी माना कि एयरलाइन का यह आचरण बुनियादी मानवाधिकारों का उल्लंघन और सेवा में कमी का मामला है। तरुण कुमार चौरसिया ने फ्लाइट नंबर एसएल0214 के तहत अपने और अपने परिवार के लिए बैंकॉक की यात्रा के लिए टिकट बुक किए थे, जो मूल रूप से 13 से 20 जनवरी, 2025 तक निर्धारित थे। थाई लायन एयर ने उपभोक्ता की सहमति के बिना उड़ान को 14 से 21 जनवरी तक पुनर्निर्धारित कर दिया, जिससे परिवार की यात्रा योजना बाधित हुई और उन्हें वित्तीय नुकसान हुआ, जिसमें 2,527 रुपये की गैर-वापसी योग्य होटल बुकिंग भी शामिल है।

अमृतसर से बैंकॉक की उड़ान के दौरान, एयरलाइन के कर्मचारियों ने उनके 10 और 15 वर्ष के बच्चों को पीने का पानी देने से यह कहकर इनकार कर दिया कि पानी मुफ्त नहीं है और केवल थाई करेंसी में ही खरीदा जा सकता है। एयरलाइन द्वारा भारतीय मुद्रा स्वीकार न किए जाने के कारण बच्चे छह घंटे की पूरी यात्रा के दौरान प्यासे रहे। जिसपर थाई लायन एयर और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय दोनों को नोटिस भेजे जाने के बाद जिला उपभोक्ता आयोग ने इस मामले पर सुनवाई की। वैध नोटिस मिलने के बावजूद, कोई भी विपक्षी पक्ष आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। परिणामस्वरूप, उपभोक्ता के हलफनामे और सहायक दस्तावेजों के आधार पर मामले की कार्यवाही एकतरफा सुनवाई के लिए निर्धारित की गई। आयोग ने हस्ताक्षरित यात्री टिप्पणी प्रपत्र (अनुलग्नक सी-4) को मुख्य साक्ष्य के रूप में संदर्भित किया और पाया कि सुनीसा नामक एक चालक दल सदस्य ने एक बयान पर हस्ताक्षर करके पुष्टि की थी कि उड़ान में नियमित पानी की कोई मुफ्त व्यवस्था नहीं थी और खरीद के लिए केवल थाई करेंसी ही स्वीकार किए जाते थे।

अपने फैसले में उपभोक्ता आयोग ने कहा, 'हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि विपक्षी पार्टी नंबर 1 थाई लायन एयर ने उपभोक्ता के नाबालिग बच्चों को छह घंटे की लंबी यात्रा के दौरान प्यासा रखकर सेवा में लापरवाही बरती है। विपक्षी पार्टी नंबर एक के चालक दल ने न केवल सेवा में लापरवाही बरती है, बल्कि इस मामले में बुनियादी मानवाधिकारों का भी उल्लंघन हुआ है।उपभोक्ता की पूर्व सहमति के बिना उड़ान का समय बदलना भी सेवा में लापरवाही है। इसलिए, शिकायत स्वीकार की गई।उपभोक्ता आयोग ने थाई लायन एयर को मानसिक पीड़ा के मुआवजे के रूप में एक लाख रुपये, होटल के नुकसान के लिए 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 2,527 रुपये और मुकदमे खर्च के रूप में 10,000 रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया। फ्लाइट में पानी न मिलना यात्रियों के अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। सभी एयरलाइनों के लिए उड़ान के दौरान पीने का पानी मुफ्त उपलब्ध कराना अनिवार्य है।इसी प्रकार 31 जनवरी की सुबह लैक्स से की फ्लाइट लेट हो गई।साथ ही प्लेन बहुत गर्म और उमस भरा हो गया था।एक यात्री ने पानी मांगा तो एयर होस्टेस ने इसे नियमों के खिलाफ बताया व कहा कि वे पानी बेच भी नहीं सकते। उन्होंने यात्री को पानी पीने के लिए प्लेन से उतार दिया , लेकिन वापस प्लेन में चढ़ाने के लिए 10 मिनट तक दरवाजा खोलने के लिए कोई स्टाफ मौजूद नहीं था।

## विकसित भारत का मार्ग : नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद बैठक से निकला नया विकास मंत्र

**विनोद कुमार सिंह 'तकियावाला'**

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सम्पन्न नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं थी,बल्कि भारत के भविष्य की विकास दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विमर्श था। विकसित राज्य से विकसित भारत की थीम पर आयोजित इस बैठक में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपने- अपने प्रदेशों की आवश्यकताओं, चुनौतियों और विकास संबंधी सुझावों को केंद्र सरकार के समक्ष रखा।सर्वविदित रहे यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में देश की अर्थव्यवस्था लगभग 4.3 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच चुकी है और अगले दशक में इसे 10 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।ऐसे में राज्यों की भागीदारी और उनकी विकास क्षमता निर्णायक महत्व रखती है।बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कहा कि विकसित भारत का सपना दिल्ली में बैठकर पूरा नहीं किया जा सकता।इसके लिए राज्यों को विकास का इंजन बनना होगा। उन्होंने राज्यों से निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन,कृषि आधुनिकीकरण,कौशल विकास और डिजिटल प्रशासन को बढ़ावा देने का आह्वान किया।इस बैठक का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा रखे गए सुझाव और मांगें रहीं।इन सुझावों ने यह स्पष्ट कर दिया कि राज्यों की प्राथमिकताएं अलग-अलग हो सकती हैं,लेकिन लक्ष्य एक ही है–तेज,समावेशी और सतत विकास। मोहन यादव ने मध्य प्रदेश को कृषि एवं औद्योगिक हब बनाने के लिए सिंचाई परियोजनाओं, लॉजिस्टिक कॉरिडोर और कृषि प्रसंस्करण उद्योगों के विस्तार पर बल दिया। उन्होंने केंद्र से अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त सहयोग की माँग की।नबाब सिंह सैनी ने हरियाणा को विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए औद्योगिक गलियारों, कौशल विकास और एमएसएमई क्षेत्र को और मजबूत बनाने की आवश्यकता बताई।उन्होंने कृषि में ड्रोन तकनीक तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को बढ़ावा देने का सुझाव भी दिया।भजन लाल शर्मा ने जल संकट को राजस्थान की सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए नदी जोड़ो परियोजनाओं और जल संरक्षण कार्यक्रमों में केंद्र के सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।साथ ही उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान की भूमिका को और मजबूत करने की बात कही।योगी आदिनाथ ने उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते औद्योगिक निवेश,एक्सप्रेसवे नेटवर्क और डिफेंस कॉरिडोर का उल्लेख करते हुए राज्यों को अधिक वित्तीय लचीलापन देने की मांग रखी ताकि विकास परियोजनाओं को गति मिल सके।देवन्द्र फ्रडनवीस ने मुंबई महानगर क्षेत्र, सेमीकंडक्टर उद्योग और हरित ऊर्जा निवेश को राष्ट्रीय विकास का प्रमुख आधार बताते हुए वैश्विक निवेश आकर्षित करने के लिए राज्यों को अधिक नीति समर्थन देने की बात कही।पूर्वोत्तर राज्यों के प्रतिनिधियों ने सड़क,रेल और डिजिटल कनेक्टिविटी को अपनी प्रमुख प्राथमिकता बताया।उनका मत था कि बेहतर संपर्क व्यवस्था ही क्षेत्रीय विकास और राष्ट्रीय एकीकरण का आधार बनेगी।इस बैठक में कृषि क्षेत्र पर विशेष चर्चा हुई।आज भी लगभग 45 प्रतिशत भारतीय आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। राज्यों ने प्राकृतिक खेती,सूक्ष्म सिंचाई,कृषि निर्यात और भंडारण सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। कई मुख्यमंत्रियों ने कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत बनाने के लिए केंद्र और राज्यों के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता बताई।स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र भी चर्चा के केंद्र में रहे। राज्यों ने चिकित्सा शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ाने, जिला अस्पतालों को सुदृढ़ बनाने तथा नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता पर बल दिया।भारत की 65 प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। इसलिए कौशल विकास और रोजगार सृजन को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने पर व्यापक सहमति दिखाई दी। हरित ऊर्जा को लेकर भी महत्वपूर्ण विचार सामने आए। भारत ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है।राजस्थान,गुजरात,तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने सौर एवं पवन ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने के लिए केंद्र के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। डिजिटल इंडिया की उपलब्धियों का भी उल्लेख हुआ।आज भारत में 150 करोड़ से अधिक आधार प्रमाणीकरण प्रतिमाह हो रहे हैं और यूपीआई लेन-देन विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल भुगतान नेटवर्क बन चुका है।राज्यों ने डिजिटल प्रशासन और सेवा वितरण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणालियों को अपनाने का सुझाव दिया।इस बैठक का सबसे महत्वपूर्ण संदेश सहकारी संघवाद की भावना का और अधिक मजबूत होना रहा।केंद्र और राज्यों के बीच संवाद,सहयोग और साझेदारी के माध्यम से विकास के नए मॉडल विकसित करने पर सहमति बनी। यह स्पष्ट हुआ कि विकसित भारत का मार्ग राज्यों से होकर ही गुजरता है। निष्कर्षतः नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक ने केवल नीतिगत चर्चा नहीं की,बल्कि भारत के अगले दो दशकों के विकास का व्यापक खाका प्रस्तुत किया।

मुख्य मंत्रियों के सुझावों और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की विकास दृष्टि ने यह संकेत दिया है कि आने वाले वर्षों में भारत का विकास मॉडल अधिक विकेंद्रीकृत,सहभागी और परिणामोन्मुख होगा।यदि इस बैठक में सामने आए सुझावों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य केवल एक सरकारी संकल्प नहीं,बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक उपलब्धि बन सकता है।यही इस बैठक का सबसे बड़ा संदेश और सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष है।

## फिर सुलग़ रही खाड़ी: होर्मुज जलडमरूमध्य बंद, दुनियाँ में हड़कंप

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

वैश्विक स्तरपर पश्चिम एशिया एक बार फिर वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल का केंद्र बन गया है। 11 जून 2026 को स्थिति तब और गंभीर हो गई जब ईरान ने अमेरिका के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के बीच दुनियाँ के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य, को सभी वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों के लिए बंद करने की घोषणा कर दी। ईरानी सैन्य नेतृत्व ने चेतावनी दी है कि जलडमरूमध्य से गुजरने की कोशिश करने वाले किसी भी जहाज को निशाना बनाया जाएगा। यह कदम कथित रूप से अमेरिका और ईरान के बीच समुद्री टकराव तथा अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों के बाद उठाया गया है। इसके साथ ही वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भारी बेचैनी फैल गई है। ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 95.40 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई लगभग 92.6 डॉलर प्रतिबैरल तक पहुंच गया है। दुनियाँ की लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस आपूर्ति इसी मार्ग से गुजरती है, इसलिए इस घटनाक्रम ने ऊर्जा सुरक्षा, वैश्विक व्यापार, मुद्रास्फीति और आर्थिक स्थिरता को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने भी खाड़ी क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों पर बढ़ते हमलों और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताव्यक्त की है। वर्तमान घटनाक्रम केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यह बिल्कुल सही है क़ि होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व ऊर्जा व्यवस्था की धुरी माना जाता है। फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला यह संकरा समुद्री मार्ग सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कतर, इराक और ईरान जैसे प्रमुख ऊर्जा उत्पादक देशों के निर्यात का मुख्य रास्ता है। सामान्य परिस्थितियों में प्रतिदिन करोड़ों बैरल तेल और विशाल मात्रा में एलएनजी इसी मार्ग से दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचती है। यही कारण है कि जब भी इस जलमार्ग में व्यवधान आता है, उसका असर सीधे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों पर दिखाई देता है। वर्तमान संकट में भी निवेशकों और ऊर्जा कंपनियों ने आपूर्ति बाधित होने की आशंका को देखते हुए तेल खरीदना शुरू कर दिया,जिसके परिणामस्वरूप कच्चे तेल की कीमतों में तत्काल उछाल देखने को मिला।

साथियों, अंतरराष्ट्रीय बाजारों की पहली प्रतिक्रिया तेल कीमतों में तेजी के रूप में सामने आई है। ब्रेंट क्रूड लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया है जबकि डब्ल्यूटीआई भी 92 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रहा है। ऊर्जा विश्लेषकों का मानना है कि यदि जलडमरूमध्य लंबे समय तक बंद रहता है या सैन्य संघर्ष और बढ़ता है तो तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर भी जा सकती हैं। वैश्विक वित्तीय बाजारों में भी अस्थिरता बढ़ने की आशंका है क्योंकि ऊर्जा लागत लगभग हर आर्थिक गतिविधि को प्रभावित करती है।

साथियों, भारत के लिए यह संकट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि देश अपनी आवश्यकता का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। भारत की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से पूरा होता है और उसका एक बड़ा भाग होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता है। इसलिए इस मार्ग में किसी भी प्रकार की रुकावट का सीधा असर भारतीय ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ता है। यदि तेल की आपूर्ति प्रभावित होती है तो भारत का आयात बिल बढ़ेगा,चालू खाता घाटा बढ़ सकता है और रुपये पर दबाव पड़ सकता है। ऊर्जा आयात पर बढ़ती लागत अंततः उपभोक्ताओं तक पहुंचती है और महंगाई को बढ़ावा देती है।सबसे पहला प्रभाव पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर दिखाई दे सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा होने से भारतीय तेल विपणन कंपनियों की लागत बढ़ जाती है। यदि मौजूदा तनाव कुछ और दिनों या सप्ताहों तक बना रहता है तो पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों का अनुमान है कि लंबी अवधि तक ऊंचे तेल मूल्य बने रहने पर ईंधन की कीमतों में कई रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो सकती है। इसका सीधा असर आम नागरिकों, किसानों, उद्योगों और परिवहन क्षेत्र पर पड़ेगा।पेट्रोल और डीजल केवल वाहन चलाने का साधन नहीं हैं बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा हैं। डीजल की कीमत बढ़ने का अर्थ है कि ट्रकों, बसों और मालवाहक वाहनों की परिचालन लागत बढ़ जाएगी। जब परिवहन महंगा होता है तो फल, सब्जियां, दूध, अनाज, दवाइयां और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ने लगती हैं। यही कारण है कि तेल कीमतों में वृद्धि को अक्सर 'महंगाई की जननी' कहा जाता है। एक बार यदि ईंधन लागत बढ़ती है तो उसका असर अर्थव्यवस्था के लगभग हर क्षेत्र में सटीकता से दिखाई देता है।

साथियों, 7 जून 2026 से मृग लग गया है व खेती के कार्य शुरू हो चुके हैं,कृषि क्षेत्र भी इस संकट से अछूता नहीं रहेगा। भारत में सिंचाई, कृषि मशीनरी और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला का बड़ा हिस्सा डीजल पर निर्भर है। डीजल महंगा होने से किसानों की लागत बढ़ेगी और इसका असर खाद्यान्न कीमतों पर पड़ सकता है। इसके अलावा उर्वरक उद्योग प्राकृतिक गैस और पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर निर्भर है। यदि ऊर्जा लागत बढ़ती है तो उर्वरकों का उत्पादन भी महंगा हो सकता है।

विमानन क्षेत्र पर भी दबाव बढ़ सकता है। विमान ईंधन की लागत एयरलाइंस के कुल खर्च का बड़ा हिस्सा होती है। यदि अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें लगातार ऊंची बनी रहती हैं तो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई किराए में वृद्धि संभव है। इससे पर्यटन उद्योग, व्यापारिक यात्राओं और विमानन क्षेत्र की मांग पर असर पड़ सकता है।

साथियों, भारत के लिए चिंता का एक और बड़ा विषय एलएनजी यानी तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति है।



# एक नजर

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष कठोर कैद, 15 हजार का अर्थ दंड भी लगाया

पथ प्रवाह, हरिद्वार। 15 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में अपर जिला जज एफटीएससी न्यायाधीश चंद्रमणि राय ने आरोपी युवक को दोषी करार दिया है। विचारण कोर्ट ने आरोपी हिमांशु कामले को 20 वर्ष कठोर कारावास व 15 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान ने बताया कि 15 सितंबर 2022 को नगर कोतवाली क्षेत्र में किराए पर रहने वाली एक 15 वर्षीय पीड़ित लड़की की तबियत खराब हुई थी। पीड़ित लड़की के परिजन उसे निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए थे। जहां अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में पीड़ित लड़की छह सप्ताह की गर्भवती पाई गई थी। परिजनों के पूछने पर पीड़ित लड़की ने बताया था कि आरोपी हिमांशु कामले उसके साथ छेड़खानी करता था और एक दिन उसे घर पर अकेली पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। यही नहीं, आरोपी युवक ने इस घटना के बारे में किसी को बताने पर पीड़ित लड़की को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके अगले दिन पीड़ित लड़की के बड़े भाई शिकायतकर्ता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हिमांशु कामले पुत्र रणजीत सिंह कामले निवासी सरस्वती विहार ट्रांसपोर्ट नगर थाना टीपी जनपद मेरठ यूपी के विरुद्ध संबधित धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेजा था। केस की विवेचना के बाद विवेचक ने आरोपी हिमांशु कामले के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।सरकारी पक्ष ने साक्ष्य में 11 गवाह व बचाव पक्ष की ओर से एक पेश किए गए।

### जुर्माना न देने पर अतिरिक्त सजा

विशेष कोर्ट ने आरोपी युवक को 20 वर्ष कठोर कैद व 15 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड राशि जमा नहीं करने पर उसे तीन माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। विचारण कोर्ट ने राज्य सरकार को पीड़ित लड़की को आर्थिक, सामाजिक,मानसिक आघात व कष्ट के पहलुओं को देखते हुए पांच लाख रूपये मुआवजा राशि इस आदेश के एक माह की अवधि में प्रदान किए जाने के आदेश दिए हैं।

## विवेकानंद विद्या मंदिर रानीधारा में 60 मेधावी छात्रों का सम्मान, पुस्तक का लोकार्पण




पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अल्मोड़ा द्वारा विवेकानंद विद्या मंदिर, रानीधारा में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 60 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संघ के प्रान्त कार्यवाह श्री दिनेश सेमवाल ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और सामाजिक दायित्वों को अपनाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि तारादत्त भट्ट ने छात्रों को निरंतर अध्ययन, चरित्र निर्माण एवं राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 'भारतीय ज्ञान परम्परा एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली' पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया, जिसका लेखन अरविन्द चन्द्र जोशी, डॉ. आराधना शुक्ला एवं डॉ. रुचि तिवारी ने किया है। समारोह में स्प्रिंग डेल्स स्कूल, विवेकानन्द इंटर कॉलेज, कूर्मांचल अकादमी, महर्षि विद्या मंदिर, बीयरशीबा सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को सम्मान-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संघ परिचय, छात्र अनुभव साझा करने तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आलम सिंह उनियाल, डॉ. राजेन्द्र जोशी, डॉ. आराधना शुक्ला, अरविन्द जोशी, अनिल काण्डपाल एवं भास्करानन्द काण्डपाल सहित विद्यालय परिवार एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेन्द्र जोशी ने किया तथा अंत में कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। साथ ही शीघ्र ही 'मेधावी छात्रा सम्मेलन' आयोजित करने की घोषणा भी की गई।

## ?नैनोली की दीक्षा नौसेना में बनी सब लेफ्टिनेंट गांव में खुशी



पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। जागेश्वर विधानसभा के नैनोली ग्राम के तोक बन के निवासी मनोरथ शर्मा की पौत्री और दयाकृष्ण शर्मा की पुत्री दीक्षा शर्मा भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशंड होकर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। दीक्षा शर्मा ने चंडीगढ़ में रहकर पढ़ाई करते हुए 12वीं के बाद से ही सेना की तैयारी शुरू कर दी। एमएससी फिजिक्स करने के बाद भारतीय नौसेना की परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी, एसएससी एडुकेशन ब्रांच के लिए भारतीय नौसेना में उनका सिलेक्शन होने के बाद पूरा परिवार उनकी उपलब्धि पर गौरवान्वित हुआ।बीडीसी सदस्य शेखर पांडे ने बताया कि दीक्षा शर्मा अपने परिवार की पहली बेटी हैं जिन्हों ने भारतीय नौसेना में इस उपलब्धि को हासिल कर अपने क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी। समस्त परिवार और ग्राम वासियों को उन पर गर्व है।

# राष्ट्रीय स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, देहरादून के छात्र ने रचा कीर्तिमान

**पथ प्रवाह, देहरादून।**

राष्ट्रीय स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, देहरादून के छात्र सार्थक ममगाई ने इतिहास रचते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उसकी इस उपलब्धि पर डीएवी परिवार ने बधाई दी है।

संपूर्ण उत्तराखंड एवं डीएवी पब्लिक स्कूल, देहरादून के लिए यह अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि विद्यालय की कक्षा 12वीं के छात्र एवं उभरते जूडो खिलाड़ी सार्थक ममगाई ने चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कैडेट जूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय एवं उत्तराखंड राज्य को गौरवान्वित किया है। छात्र ने अंडर-55 किलोग्राम भार वर्ग में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

10 से 13 जून 2026 तक चंडीगढ़ में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्र सार्थक ने शानदार प्रदर्शन किया तथा अपने सभी मुकाबलों में उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। छात्र ने




अपनी उत्कृष्ट सफलता के बल पर विद्यालय के साथ-साथ पूरे उत्तराखंड राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। छात्र सार्थक ममगाई की इस उपलब्धि का एक और महत्त्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि इसी प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन भारत की ओर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए किया गया है। वे 15 से 17 जुलाई 2026 तक जॉर्डन के अम्मान में आयोजित एशियाई कैडेट जूडो चैंपियनशिप तथा 18 से 22 अगस्त 2026 के मध्य इक्वाडोर के ग्वायाकिल में आयोजित विश्व कैडेट जूडो चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

विद्यालय परिवार के लिए यह अत्यंत प्रसन्नता और गौरव का अवसर है। छात्र सार्थक की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उनकी सफलता यह सिद्ध करती है कि यदि विद्यार्थी अपने लक्ष्य के प्रति पूर्णतः सजग रहे, एकाग्रचित्त होकर निरंतर प्रयास करता रहे तथा समय का उचित प्रबंधन करे, तो वह अध्ययन के साथ-साथ खेल एवं अन्य सह-शैक्षिक गतिविधियों में भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शालिनी समाधिया एवं समस्त शिक्षकगण ने छात्र सार्थक ममगाई को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं तथा आगामी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

कांग्रेस अनुसूचित विभाग जिलाध्यक्ष तीर्थपाल रवि के नेतृत्व में शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान नायब तहसीलदार प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि टिहरी गढ़वाल के एक गांव में दलित युवक केतनलाल की निर्मम हत्या कर दी और उसके दोस्त को घायल कर दिया गया। इससे दलित समाज में भारी रोष है। ग्रामीण जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह, अनुसूचित विभाग जिलाध्यक्ष तीरथ पाल रवि ने कहा कि भाजपा सरकार में दलितों का शोषण हो रहा है। युवक की निर्मम हत्या कर दी जाती है और किसी को कानून का खौफ नहीं है। उन्होंने कहा कि मृतक के परिवार को 50 लाख और घायल युवक के परिवार को 25 लाख रुपए की धनराशि सरकार उपलब्ध कराए। महेश प्रताप सिंह राणा, वीरेंद्र श्रमिक ने कहा कि दलितों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा देश के लिए खतरा है। सबसे अधिक दलितो पर अत्याचार भाजपा शासन में हुए। उन्होंने कहा



कि पुलिस दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करते हुए सजा दे। मनोज धनगर, तेलूराम प्रधान ने कहा कि कांग्रेस पीड़ितों के साथ है। सरकार में कानून व्यवस्था फेल है। एक युवक की निर्मम हत्या से प्रदेश बहुत दुखी है। इस अवसर पर सोम त्यागी, राजीव चौधरी, वेदपाल सिंह तेजियांन, एल एस रावत, सुभाष कुमार, शेखर पंवार, अजय दास, रविश भटीजा, मनोज जाटव, संजय सैनी, पुनीत कुमार, अमित नौटियाल, संदीप कुमार, पूरनचंद, यशपाल दुबे, प्रवीण धनगर, प्रियव्रत, मोहन राणा, डा मेहरबान, जितेंद्र चौधरी, राजेश छाछर, भँवरपाल सिंह, हिमांशु बहुगुणा, श्याम सुंदर प्रधान, हरपाल मौर्य, मोनू कुमार, नेत्रपाल, अरविंद चंचल, दीपक, सतपाल शास्त्री आदि शामिल थे।

# मोदी सरकार के 12 वर्षों में हुए अभूतपूर्व विकास कार्य: डॉ. धन सिंह रावत

**पथ प्रवाह, अल्मोड़ा।**

केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कैबिनेट मंत्री एवं जनपद प्रभारी डॉ. धन सिंह रावत ने मोदी सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

यहां सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को जनता तक पहुंचा रही है। डॉ. रावत ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में आधारभूत ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में व्यापक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं का लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत देशभर में करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है, जबकि उत्तराखंड में भी बड़ी संख्या में लोग इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से डायलिसिस की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे हजारों मरीजों को राहत मिली है। कृषि क्षेत्र का



उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। साथ ही किसानों और महिला स्वयं सहायता समूहों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। डॉ. रावत ने कहा कि सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की गति में वृद्धि हुई है तथा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एमबीबीएस और स्नातकोत्तर सीटों की संख्या बढ़ाई गई है। उन्होंने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को केंद्र सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, महापौर अजय वर्मा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, दायित्वधारी गोविंद सिंह पिलख्वाल, ब्लॉक प्रमुख त्रिलोक रावत, ललित लटवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।





## एक नजर

### खंड विकास अधिकारियों को दो दिन में समिति गठित करने के निर्देश

पथ प्रवाह, हरिद्वार। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने जनपद के खंड विकास अधिकारियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति का तत्काल गठन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने समिति गठन में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। सभी खंड विकास अधिकारियों को दो दिन के भीतर समिति गठित कर कार्यालय को सूचित करने को कहा गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने जारी पत्र में कहा है कि पूर्व में 29 मई को भी समिति गठन के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद अब तक किसी भी खंड विकास अधिकारी ने समिति का गठन कर जानकारी नहीं दी है। उन्होंने इसे अत्यंत खेदजनक बताया है। यह समिति उच्चतम न्यायालय के 19 फरवरी 2026 और 29 अप्रैल 2026 के आदेशों के अनुपालन में गठित की जानी है।

समिति का मुख्य उद्देश्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इन नियमों का सफल क्रियान्वयन जनपद में स्वच्छता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। समिति का गठन खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया जाना है।

इस विकास खंड स्तरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति में सात सदस्य होंगे। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सदस्य सचिव होंगे। खंड शिक्षाधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी सीएचसी, सहायक खंड विकास अधिकारी, प्रथम और ब्लॉक मिशन प्रबंधक इसके सदस्य होंगे। एक स्वैच्छिक संगठन या व्यक्ति भी सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी की ओर से नामित कोई अन्य अधिकारी या प्रतिनिधि भी समिति का हिस्सा बन सकता है।

#### समितियों के गठन के साथ साप्ताहिक समीक्षा की देनी होगी जानकारी

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने समिति गठन के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ब्लॉकों में गठित समिति रोस्टर के अनुसार कार्य करते हुए साप्ताहिक समीक्षा भी की जाएगी। इसी पूरी रिपोर्ट जिला स्वच्छता कंट्रोल को देनी होगी। इसके के लिए कंट्रोल रूम के वाट्सएप मोबाइल नंबर 8273371714 पर फोटो वीडियों के साथ ही अन्य गतिविधियों प्रेषित करनी होंगी। इसका अनुपालन नहीं करने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### चारधाम यात्रा के लिए 4627 यात्रियों ने किया पंजीकरण

पथ प्रवाह, हरिद्वार। हरिद्वार ऋषिकुल मैदान में बनाए गए यात्री पंजीकरण केंद्र में चारधाम यात्रा के लिए 4627 यात्रियों ने अपना पंजीकरण कराया। इनमें यमुनोत्री धाम के लिए 740, गंगोत्री धाम के लिए 775, केदारनाथ धाम के लिए 1469, बद्रीनाथ धाम के लिए 1625 और हेमकुंड साहिब के लिए 18 यात्रियों ने अपना पंजीकरण कराया। इस तरह 4627 यात्रियों द्वारा चारधाम के लिए अपना पंजीकरण कराया गया। ऋषिकुल मैदान यात्री पंजीकरण केंद्र से अब तक कुल 4 लाख 21 हजार 7 सौ 45 यात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए अपना पंजीकरण कराया है।

### हरिद्वार के होटल, रेस्टोरेंट, होमस्टे तक पहुंची फायर स्टेशन टीम



पथ प्रवाह, हरिद्वार। एसएसपी हरिद्वार द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के क्रम में फायर स्टेशन मायापुर की टीम ने शुक्रवार को हरिद्वार क्षेत्रांतर्गत स्थित होटल, रेस्टोरेंट, होमस्टे एवं अन्य संस्थानो का अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से गहन निरिक्षण किया गया। जिसके तहत होटल हरी हेरिटेज भूपतवाला हरिद्वार, होटल पार्क ग्रेस भूपतवाला हरिद्वार, होटल शर्मा परिवार भूपतवाला हरिद्वार, होटल गंगा विलिस भूपतवाला हरिद्वार का में आपातकालीन निकास मार्ग व्यवस्था, अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था, प्राथमिक अग्निशमन यंत्रों की कार्यक्षमता/वैधता एवं अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र को चेक किया गया। प्रबंधक को अग्निशमन उपकरणों को सदैव कार्यशील दशा में रखने हेतु निर्देशित किया गया।

### दो शातिर वाहन चोर पकड़े, 04 चोरी की मोटर साईकिल की बरामद

पथ प्रवाह, मंगलौर। लगातार वहां चोरी में शामिल तत्वों को गिरफ्तार करने के क्रम में



हरिद्वार पुलिस देहात क्षेत्र में एक और सफलता हासिल करते हुए अंतरजनपदीय वाहन चोरी गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। कोतवाली मंगलौर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के तहत पुलिस टीम ने पंजीकृत मुकदमा पर संख्या 304/26 की तलाश के दौरान दिनांक 11-6-26 को कस्बा लंढौरा से चोरी हुई मोटर साईकिल के साथ दो संदिग्ध को दबोचा। पूछताछ में दोनों ने थाना क्लेमेन्टाउन देहारादून तथा कोत0 रुडकी हरिद्वार से क्षेत्र से भी मोटर साईकिल चोरी करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी की गई तीन अन्य बाइक बरामद की गई। आरोपियों के आपराधित इतिहास की जानकारी करने के साथ ही बरामद चौथी बाइक की पड़ताल की जा रही है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम विक्रांत उर्फ भोलू पुत्र हरिराम निवासी डबल फाटक मोहनपुरा मोहम्मदपुर रुडकी हरिद्वार और वसीम पुत्र खलील निवासी डबल फाटक मोहनपुरा मोहम्मदपुर रुडकी हरिद्वार है।

# शहीद अग्निवीर रोहित रावत को पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई






पथ प्रवाह, टिहरी गढ़वाल। जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखंड भिलंगना अंतर्गत ग्राम मेंडू सिंदेवाल निवासी शहीद अग्निवीर रोहित रावत (20 गढ़वाल राइफल्स) का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव मेंडू सिंदेवाल में पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। इस अवसर पर सेना के जवानों द्वारा शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा राष्ट्र की सेवा में उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों,जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता कर शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय की ओर से सहायक जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन बलवंत सिंह रावत, क्षेत्रीय विधायक शक्ति लाल शाह, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष संजय रावत, उपजिलाधिकारी घनसाली मंजू राजपूत सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने शहीद अग्निवीर रोहित रावत के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि शहीद रोहित रावत का बलिदान सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। शहीद के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। समस्त जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## अज्ञात लिंक पर क्लिक कर गवांए 20 हजार, पुलिस ने वापस दिलाए

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों के बीच साइबर क्राइम सेल हरिद्वार ने एक बार फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर धोखाधड़ी के शिकार व्यक्ति को उसकी खोई हुई धनराशि वापस दिलाने में सफलता प्राप्त की है।

जानकारी के अनुसार, 19 अप्रैल को मुहम्मद शाकिब वसीम सिद्दीकी पुत्र वसीम सिद्दीकी के मोबाइल फोन पर एक संदिग्ध लिंक प्राप्त हुआ। अज्ञात लिंक पर क्लिक करते ही उनका मोबाइल फोन हैक हो गया। इसके बाद साइबर अपराधियों ने उनके बैंक खाते से 20,000 की राशि किसी अज्ञात खाते में ट्रांसफर कर ली। घटना का पता चलते ही पीड़ित ने तत्काल साइबर क्राइम सेल हरिद्वार से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत



प्राप्त होने के बाद साइबर सेल की टीम ने बिना समय गंवाए कार्रवाई शुरू की और संबंधित बैंकिंग चौनलों के माध्यम से धोखाधड़ी से ट्रांसफर की गई राशि को होल्ड करवाने में सफलता हासिल की। साइबर सेल के लगातार तकनीकी प्रयासों और विभिन्न एजेंसियों के साथ प्रभावी समन्वय के परिणामस्वरूप पीड़ित को उसके पूरे 20,000 वापस दिला दिए गए। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल हरिद्वार की कार्यप्रणाली और तत्परता की सराहना की।

साइबर क्राइम सेल ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा अपनी बैंकिंग, ओटीपी, पासवर्ड एवं अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं या साइबर पोर्टल पर रिपोर्ट करें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर नुकसान से बचा जा सके।

## जानलेवा हमला करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

लाठी डंडों से लैस होकर जानलेवा हमले करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सिडकुल पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। 10 जून को सचिन पुत्र सुबीर निवासी तलाई तल्ली जिला पौड़ी गढ़वाल हाल निवासी ओम शांति धाम कालोनी हेतमपुर ने पुलिस को तहरीर देकर विशाल सहित 9-10 व्यक्तियों पर एक राय होकर लाठी-डंडों एवं तलवारों से लैस होकर उसके



भाई, जीजा एवं मित्र पर जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मुकद्मा दर्ज करने बाद जांच पड़ताल व आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने एक आरोपी दीपक पुत्र पप्पू निवासी ग्राम हेतमपुर को गिरफ्तार कर लिया। अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस उनके ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। पुलिस टीम में एसएसआई प्रवीण बिष्ट, एसआई देवेंद्र सिंह चौहान, हेडकांस्टेबल संजय सिंह व जितेन्द्र मलिक शामिल रहे।

# ममता बनर्जी पर अब कसा कानूनी शिकंजा

## भड़क़ाऊ बयान मामले में कोलकाता में एफआईआर दर्ज

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पराजय के बाद ममता बनर्जी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। पार्टी के विधायक और सांसद बगावत पर उतारू हैं। बागी विधायकों ने विधानसभा में अलग गुट बना लिया है, तो बाकी सांसद भी अलग गुट बनाने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ भड़क़ाऊ बयान देने के आरोप में कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में एफआईआर दर्ज की गयी।

पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगा कि उन्होंने 2 जून को कोलकाता के रानी रासमनी रोड पर एक मीटिंग से बांग्लादेश में उस्मान हादी की हत्या के बारे में बिना नाम लिए विवादित बयान दिया है। उस घटना में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पहले




एफआईआर सिलीगुड़ी में दर्ज की गयी थी और अब कोलकाता में एफआईआर दर्ज की गयी है।एक वकील ने उनके खिलाफ सिलीगुड़ी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। इस बार एक बिजनेसमैन ने ममता बनर्जी के खिलाफ एक और भड़क़ाऊ कमेंट के लिए कोलकाता के हेयर स्ट्रीन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

#### ममता बनर्जी पर लगा भड़क़ाऊ बयान देने का आरोप

इस साल की शुरुआत में, ममता बनर्जी पर चुनाव प्रचार के दौरान धर्मतला के मंच से विवादित बयान देने का आरोप लगा है। उन्होंने मंच से कहा कि आप सब ठीक हैं क्योंकि हम यहां हैं। अगर हम यहां नहीं होते, तो एक सेकंड लगता! जब कोई कम्युनिटी अलायंस नहीं बनाती, अगर वे उसे घेर लेते हैं। उनका यह बयान सोशल मीडिया पर पल भर में वायरल हो गया और सियासत गरमा गई। विपक्षी पार्टियों ने पूर्व सीएम के बयान पर सवाल उठाया और कहा कि कोई भी मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए ऐसा बयान कैसे दे सकता है।

# परिवहन विभाग ने चेकिंग के दौरान 7 ऑटो विक्रम और 10 ई-रिक्शा किये सीज

पथ प्रवाह, हरिद्वार।

जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित के निर्देशानुसार जनपद में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा परिवहन नियमों का प्रभावी अनुपालन कराने के उद्देश्य से आज रेलवे स्टेशन, वाल्मीकि चौक, कर्नाटक भवन एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

अभियान का नेतृत्व एआरटीओ (प्रशासन) निखिल शर्मा एवं एआरटीओ (प्रवर्तन) नेहा झा द्वारा किया गया। अभियान में परिवहन कर अधिकारी रविन्द्र पाल सैनी सहित विभागीय प्रवर्तन दल भी सम्मिलित रहा। प्रवर्तन अभियान के दौरान सार्वजनिक परिवहन वाहनों, ऑटो-रिक्शा, विक्रम एवं ई-रिक्शाओं की सघन जांच की गई। जांच के दौरान फिटनेस प्रमाणपत्र के अभाव, परमिट की शर्तों के उल्लंघन, बिना वैध



दस्तावेज वाहन संचालन, बीमा एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की कमी जैसी विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर कुल 30 वाहनों के चालान किए गए। वहीं गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर 07 ऑटो/विक्रम वाहनों को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त ई-रिक्शाओं की विशेष जांच के दौरान नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर 10 ई-रिक्शाओं को भी सीज किया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों एवं स्वामियों को यात्री सुरक्षा एवं परिवहन नियमों के पालन के संबंध में जागरूक भी किया गया। एआरटीओ (प्रशासन) निखिल शर्मा ने बताया कि चारधाम यात्रा एवं जनपद में बढ़ते यातायात दबाव के दृष्टिगत परिवहन विभाग द्वारा नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा बिना वैध फिटनेस, परमिट अथवा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के वाहन संचालन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। एआरटीओ (प्रवर्तन) नेहा झा ने कहा कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी। जनहित एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

परिवहन विभाग ने सभी वाहन स्वामियों एवं चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेख सदैव अद्यतन रखें तथा मोटर वाहन अधिनियम एवं नियमों का पूर्णतः पालन करें। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### भ्रम फैला रहे हैं सुरेश राठौर-देशराज




पथ प्रवाह, हरिद्वार, 12 जून। पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल ने प्रैस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि पूर्व विधायक सुरेश राठौर भ्रम फैला रहे हैं। पत्रकारों को दिए सुरेश राठौर के बयान में कोई सच्चाई नहीं है। पत्रकारों से वार्ता करते हुए देशराज कर्णवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा सुरेश राठौर को पूर्व में ही निष्कासित किया जा चुका है। समाज के लोग भी उनसे दूरी बनाकर रखते हैं। वह कई बार सार्वजनिक रूप से अपनी गलती मान भी चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सुनियोजित तरीके से भाजपा को बदनाम करने की साजिश की गई थी। सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार किया गया था। उत्तराखंड की बेटी अंकित भंडारी को लेकर भी उनके द्वारा अनावश्यक बयानबाजी की गई थी। जबकि पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। लेकिन उनके द्वारा झूठे तथ्य और बेबुनियाद बातें प्रचारित प्रसारित की जा रही हैं। उनके द्वारा भाजपा के शीर्ष नेताओं की प्रतिष्ठा को धूमिल किया गया है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। देशराज कर्णवाल ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कार्रवाई की मांग की। पत्रकारवार्ता के दौरान किशनपाल एवं धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर ऑडियो वीडियो प्रचारित प्रसारित कर भाजपा को बदनाम किया गया है। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि तथ्यहीन बातें कर अभी भी समाज को गुमराह कर रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और कोई केस खारिज नहीं हुआ है।

### अभिषेक बनर्जी ने साधा संतुलित रुख; बोले- कल्याण बनर्जी मेरे सीनियर, उन्हें बोलने का पूरा हक

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में जारी अंदरूनी खींचतान के बीच पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी ने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों पर संयमित प्रतिक्रिया दी है। वरिष्ठ नेता कल्याण बनर्जी द्वारा उन्हें घमंडी बताए जाने और पार्टी संकट के लिए जिम्मेदार ठहराए जाने के बाद अभिषेक ने कहा कि कल्याण बनर्जी उनके वरिष्ठ हैं और उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है।

कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अभिषेक बनर्जी ने कहा, कल्याण बनर्जी मेरे सीनियर हैं। उन्होंने मुझे बचपन से बड़ा होते देखा है। मैं उनका सम्मान करता हूं और उनके प्रति मेरे मन में कोई कड़वाहट नहीं है। पार्टी के भीतर उठे सभी मुद्दों पर हम संगठन के अंदर चर्चा करेंगे।



दरअसल, कल्याण बनर्जी ने गुरुवार को तीखा हमला बोलते हुए कहा था कि अभिषेक बनर्जी बेहद घमंडी हैं और उन्होंने वरिष्ठ नेताओं का सम्मान करना नहीं सीखा है। उन्होंने पार्टी की मौजूदा स्थिति और हालिया राजनीतिक संकट के लिए भी अभिषेक को जिम्मेदार ठहराया था।इतना ही नहीं, कल्याण बनर्जी ने पार्टी नेतृत्व को अप्रत्यक्ष अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि तृणमूल कांग्रेस में या तो अभिषेक बनर्जी रहेंगे या फिर वे। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी निष्ठा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ है।

वहीं, अभिषेक बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस किसी भी दबाव के आगे झुकने वाली नहीं है। उन्होंने दावा किया कि ईडी, सीबीआई और अन्य एजेंसियों के जरिए पार्टी को डराने की कोशिश की जा रही है, लेकिन टीएमसी इस लड़ाई में एक इंच भी पीछे नहीं हटेगी।

## भाजपा नेता शिवा चौहान ने कांग्रेस विधायक पर साधा निशाना

पथ प्रवाह, हरिद्वार। भाजपा नेता शिवा चौहान ने कांग्रेस विधायक अनुपमा रावत पर निशाना साधते हुए कहा है कि हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा में जनसमस्याओं का अंबार लगा हुआ है, लेकिन विधायक समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की जनता मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है।

शिवा चौहान ने कहा कि रानी माजरा, धनपुरा, मिस्सरपुर, पंजनेहडी, अंबुवाला और शाहपुर गांवों में जल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। रानी माजरा में पानी की टंकी तो बन गई, लेकिन सप्लाई शुरू नहीं हुई। इससे किसानों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। बिजली और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं भी लोगों को नहीं मिल पा रही हैं। केंद्र और राज्य



सरकार की योजनाओं का लाभ भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। समस्याओं से जूझ रही जनता की सुनवाई नहीं हो रही। शिवा चौहान ने कहा कि स्थानीय विधायक ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण तक नहीं करतीं, जिससे समस्याएं और बढ़ रही हैं। कहा कि क्षेत्र की जनता चुनाव में कांग्रेस विधायकों जवाब देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ही विकास को प्रमुखता से लागू कर सकती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पूरे राज्य का चहुंमुखी विकास कर रहे हैं। विधानसभा की जनता को मूलभूत सुविधाएं मिलनी ही चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा में अस्पताल खोलने की मांग रखी जाएगी, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की कमी दूर हो सके।

## समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो जंतर मंतर पर आंदोलन करेंगे किसान-अंबावता

पथ प्रवाह, हरिद्वार।

अलकनंदा मैदान पर आयोजित भारतीय किसान यूनियन अंबावता का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं चिंतन शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। अधिवेशन में कई राज्यों से आए किसान संगठन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित किया।




ज्ञापन में एमएसपी की गारंटी, पांच हजार रूपए महीना वृद्धावस्था पेंशन, पूरे देश में मुफ्त शिक्षा चिकित्सा व्यवस्था, किसानों को संपूर्ण कर्ज माफी, किसान आयोग का गठन, उत्तराखंड में खेती के लिए मुफ्त बिजली, ईवीएम हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराने आदि मांगे शामिल की गयी हैं। भाकियू अंबावता के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अंबावता ने बताया कि तीन दिन चले राष्ट्रीय अधिवेशन और चिंतन शिविर में देश के कई राज्यों के संगठन पदाधिकारी और हजारों किसान शामिल हुए। समस्याओं पर व्यापक विचार विमर्श के उपरांत कई प्रस्ताव पारित किए गए हैं। अंबावता ने कहा कि किसानों की समस्याएं दूर करना सरकार का दायित्व है। किसान मजबूत होगा तो देश आगे बढ़ेगा। लेकिन सरकार किसानों की समस्याओं को दूर करने के बजाए देश में पूंजीवाद को बढ़ावा दे रही है। जिसका भाकियू अंबावता हर स्तर पर विरोध करेगी और किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटेगी।

उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो देश भर के किसान जंतर मंतर पर आंदोलन करेंगे। अधिवेशन का संचालन राष्ट्रीय महासचिव रामपाल सिंह अंबावता ने किया। प्रवीन अंबावता, उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी सचिन चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौधरी, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र प्रधान, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग हुड्डा, हरियाणा प्रभारी चुहड़ सिंह रावत, रमन पंवार, नसीर खान, परशुराम प्रधान, तौफीक, रामानुज सिंह, सुभाष, रविंद्र प्रधान, धीरेंद्र रावत, अमृत सिंह, अशोक मिश्रा, महीपाल सिंह, नीलकमल पांडे आदि पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

## कैंची धाम मेले से पहले अलर्ट मोड में नैनीताल पुलिस, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

पथ प्रवाह, नैनीताल।

आगामी कैंची धाम मेले को देखते हुए एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टी.सी. के नेतृत्व में नैनीताल पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। कैंची धाम मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही फिलहाल पूरी तरह सामान्य और व्यवस्थित ढंग से जारी है, जिससे प्रशासन की तैयारियों का असर साफ दिखाई दे रहा है।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत बम निरोधक दस्ते सहित पुलिस बल द्वारा मंदिर परिसर, प्रमुख चौराहों, होटल-ढाबों, सार्वजनिक स्थलों और सभी प्रवेश बिंदुओं पर लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखते हुए हर स्तर पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

कैंची धाम परिसर, मुख्य मार्गों, बैरियरों और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए भी विशेष प्लान लागू किया गया है,




ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

नैनीताल एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पुलिस पूरी मुस्तैदी और तत्परता के साथ जनता की सेवा और सुरक्षा में जुटी हुई है। पुलिस प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें, ताकि मेला सुरक्षित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने जसपाल राणा के निधन पर जताया गहरा शोक

पथ प्रवाह, देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पद्मश्री से सम्मानित एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त निशानेबाज जसपाल राणा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जसपाल राणा ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा, कठिन परिश्रम और उल्लेखनीय उपलब्धियों से न केवल उत्तराखंड, बल्कि पूरे देश का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित किया। निशानेबाजी के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने अनेक युवा खिलाड़ियों को प्रेरित कर खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जसपाल राणा का निधन खेल जगत, उत्तराखंड तथा राष्ट्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों एवं उनके प्रशंसकों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना है।

### दारमा मार्ग पर दर्दनाक हादसा : बोल्डरों की चपेट में आई स्कॉर्पियो, 2 की मौत, 3 घायल

पथ प्रवाह, पिथौरागढ़। जनपद के दारमा मार्ग पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब अचानक हुए भूस्खलन के चलते पहाड़ी से गिरे भारी बोल्डरों की चपेट में एक स्कॉर्पियो वाहन आ गया। हादसे में वाहन सवार 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही स्ठक्रस्न, पुलिस और तत्रश्चस्न की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को वाहन से बाहर निकालकर सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण पहाड़ी से पत्थर गिरने की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे दारमा मार्ग पर आवागमन जोखिम भरा हो गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे मौसम खराब होने की स्थिति में यात्रा करने से बचें और आवश्यक सावधानी बरतें। फिलहाल संबंधित विभाग द्वारा मार्ग को सुचारु करने का कार्य जारी है, वहीं पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

### मेटा के प्लेटफॉर्म ठप : फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप में ग्लोबल आउटेज, लाखों यूजर्स प्रभावित

नई दिल्ली। दुनियाभर में शुक्रवार को मेटा के प्रमुख सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म अचानक प्रभावित हो गए। फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप और मैसेंजर की सेवाओं में आई तकनीकी गड़बड़ी के कारण हजारों नहीं बल्कि लाखों यूजर्स को लॉगिन, मैसेज भेजने, फीड रिफ्रेश करने और ऐप एक्सेस करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

आउटेज ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म डाउनडिटेक्टर के अनुसार, फ़ेसबुक को लेकर 62,000 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं, जबकि इंस्टाग्राम के लिए 8,000 से ज्यादा रिपोर्ट सामने आईं। कई यूजर्स ने बताया कि उन्हें अचानक अकाउंट से लॉगआउट कर दिया गया या ऐप्स सही तरीके से काम नहीं कर रहे थे। मेटा के प्रवक्ता एंडी स्टोन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी कर कहा कि कंपनी को समस्या की जानकारी है और तकनीकी टीम इसे जल्द से जल्द ठीक करने में जुटी हुई है। हालांकि, आउटेज के पीछे की वास्तविक वजह का खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। रिपोर्टों के मुताबिक, समस्या केवल किसी एक देश तक सीमित नहीं रही। अमेरिका, यूरोप, एशिया और मध्य पूर्व सहित कई क्षेत्रों के यूजर्स ने सेवाएं प्रभावित होने की शिकायत दर्ज कराई। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और मैसेंजर के साथ-साथ मेटा के कुछ बिजनेस टूल्स और विज्ञापन सेवाओं पर भी असर देखा गया

### 20 मिलियन फॉलोअर्स, सिस्टम के खिलाफ गुस्सा और जेन–ज़ी की आवाज़ : आखिर क्या है सीजेपी?

नई दिल्ली। देश की राजनीति में इन दिनों एक नया नाम तेजी से चर्चा में है– कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी)। सोशल मीडिया पर शुरू हुआ यह व्यंग्यात्मक अभियान देखते ही देखते करोड़ों युवाओं की आवाज़ बन गया है। महज कुछ दिनों में सीजेपी ने इंस्टाग्राम पर 2 करोड़ (20 मिलियन) से अधिक फॉलोअर्स जुटा लिए, जिससे इसने कई स्थापित राजनीतिक दलों की डिजिटल मौजूदगी को पीछे छोड़ दिया।

सीजेपी की शुरुआत राजनीतिक संचार विशेषज्ञ अभिजीत दिपके ने की थी। यह मंच खुद को आलसी और बेरोजगार युवाओं की आवाज़ बताता है। आंदोलन की शुरुआत उस विवादित टिप्पणी के बाद हुई, जिसमें बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से किए जाने पर सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। इसके बाद युवाओं ने इसी शब्द को विरोध और व्यंग्य के प्रतीक के रूप में अपना लिया। सीजेपी का मुख्य फोकस बेरोजगारी, महंगाई, परीक्षा पत्र लीक, अवसरों की कमी और शासन व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर है। इसकी लोकप्रियता खासकर जेन-ज़ी (18 से 25 वर्ष आयु वर्ग) के बीच तेजी से बढ़ी है। रिपोर्टों के अनुसार, इसके लाखों समर्थकों ने ऑनलाइन पंजीकरण भी कराया है। हालांकि सीजेपी खुद को पारंपरिक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक जन आंदोलन और डिजिटल अभियान बताता है। इसके समर्थकों का कहना है कि यह केवल सत्ता पक्ष ही नहीं, बल्कि पूरे राजनीतिक तंत्र से सवाल पूछने का मंच है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सीजेपी का उभार इस बात का संकेत है कि देश का युवा वर्ग अब रोजगार, शिक्षा और भविष्य से जुड़े मुद्दों पर अधिक मुखर हो रहा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि सोशल मीडिया की यह लहर आगे चलकर वास्तविक राजनीतिक प्रभाव में बदलती है या केवल डिजिटल आंदोलन बनकर रह जाती है।

### मोगावीरा को–ऑपरेटिव बैंक पर आरबीआई की सख्ती, छह महीने के लिए लगाए प्रतिबंध

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कर्नाटक स्थित मोगावीरा को-ऑपरेटिव बैंक पर छह महीने के लिए कई नियामकीय प्रतिबंध लगा दिए हैं। केंद्रीय बैंक ने बैंक की वित्तीय स्थिति और निगरानी संबंधी चिंताओं को देखते हुए यह कदम उठाया है। इन प्रतिबंधों का उद्देश्य जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा करना और बैंकिंग व्यवस्था में स्थिरता बनाए रखना बताया गया है। आरबीआई के निर्देशों के तहत बैंक बिना पूर्व अनुमति के नए ऋण नहीं दे सकेगा, नई जमा राशि स्वीकार नहीं कर सकेगा और न ही कोई बड़ा वित्तीय दायित्व ले सकेगा। बैंक की कई सामान्य बैंकिंग गतिविधियों पर भी निगरानी और नियंत्रण रखा जाएगा। हालांकि, आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि इन प्रतिबंधों का अर्थ बैंक का लाइसेंस रद्द होना नहीं है। बैंक अपनी सीमित बैंकिंग सेवाएं जारी रख सकेगा और ग्राहकों के हितों की सुरक्षा के लिए नियामक लगातार स्थिति की समीक्षा करता रहेगा।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर निकली पेंशन न्याय यात्रा

**पथ प्रवाह, अल्मोड़ा।**



राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा (एनओपीआरयूएफ) उत्तराखंड के तत्वावधान में आयोजित पेंशन न्याय यात्रा शुक्रवार को डाना गोल्ज्यू मंदिर से चितई स्थित गोल्ज्यू महाराज मंदिर तक निकाली गई। यात्रा में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कर्मचारियों, शिक्षकों, अधिकारियों और पेंशन समर्थकों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने गोल्ज्यू महाराज मंदिर पहुंचकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर प्रार्थना की। कर्मचारियों ने कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था सेवानिवृत्ति के बाद सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का आधार है तथा इसकी बहाली उनकी प्रमुख मांग है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि यात्रा ने कर्मचारियों की एकजुटता और पुरानी पेंशन के प्रति उनके संकल्प को मजबूत किया है। प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि कर्मचारियों ने न्याय के प्रतीक गोल्ज्यू महाराज के समक्ष अपनी मांग रखी है और उन्हें इसके सकारात्मक परिणाम की उम्मीद है। प्रदेश महिला अध्यक्षा रानीता विश्वकर्मा और मातृ शक्ति प्रकोष्ठ की प्रतिनिधि सुधा पांडे ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवारों की सुरक्षा से भी जुड़ा विषय है। उन्होंने महिला कर्मचारियों और परिवारों से संगठन से जुड़कर आंदोलन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कुमाऊं मंडल कार्यकारिणी के गिरीश पनेरू और नरेंद्र पटवाल ने कहा कि यात्रा की सफलता से संगठन को नई मजबूती मिली है तथा सदस्यता अभियान को और व्यापक बनाया जाएगा। गढ़वाल मंडल मंत्री राजीव उनियाल ने कहा कि प्रदेशभर में कर्मचारियों के बीच इस अभियान को लेकर उत्साह बढ़ा है और जल्द ही बड़े स्तर पर जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में विक्रम सिंह रावत, जसपाल गोसाई, कीर्ति भट्ट, अभिषेक नवानी, सतीश कुमार, दिनेश सिंह नेगी, जगत फरसावन, संतान रावत, जितेंद्र प्रसाद, दयासागर उनियाल, माखनलाल शाह, पूरन फरसावन सहित विभिन्न जनपदों से आए अनेक कर्मचारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को दोहराते हुए कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया।

## जिलाधिकारी आशीष चौहान की संवेदनशील पहल, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को मिलेगा निःशुल्क उपचार

**पथ प्रवाह, देहरादून।**



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जनपद में गंभीर एवं जन्मजात बीमारियों से ग्रसित ऐसे बच्चों के चिन्हीकरण एवं उपचार की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करने के निर्देश दिए हैं, जिनके परिजन आर्थिक रूप से उपचार का व्यय वहन करने में सक्षम नहीं हैं। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास विभाग को 06 वर्ष तक की आयु के बच्चों तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी, देहरादून को 06 वर्ष से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों एवं किशोरों के चिन्हीकरण हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कोई भी बच्चा केवल आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन्मजात अथवा अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों की पहचान कर उनकी जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें समयबद्ध उपचार प्रदान किया जा सके। डीएम ने बताया कि चिन्हित बच्चों का उपचार भारत सरकार के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत निःशुल्क कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिन गंभीर बीमारियों का उपचार आरबीएसके के तहत संभव नहीं होगा, उनके उपचार के लिए अन्य उपलब्ध वित्तीय संसाधनों एवं राइफल फंड का उपयोग किया जाएगा, जिससे बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में बाल विकास विभाग द्वारा जनपद में अब तक 06 वर्ष तक की आयु के 12 गंभीर रूप से बीमार बच्चों का चिन्हीकरण किया जा चुका है। इन बच्चों के उपचार एवं आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा रही है।

डॉ0 चौहान ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य एवं भविष्य सुरक्षित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों के माध्यम से व्यापक सर्वेक्षण कर ऐसे बच्चों की पहचान में तेजी लाई जाए। साथ ही चिन्हित बच्चों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर उपचार हेतु अग्रसारित किया जाए।

जिला प्रशासन का यह अभियान केवल एक प्रशासनिक कार्यवाही नहीं, बल्कि समाज के सबसे संवेदनशील वर्ग के प्रति मानवीय दायित्व का निर्वहन है। जिला प्रशासन प्रत्येक जरूरतमंद बच्चे तक उपचार की सुविधा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण किसी भी बच्चे का जीवन प्रभावित न हो।

जनपदवासियों से भी अपील की गई है कि यदि उनके संज्ञान में कोई ऐसा बच्चा है जो किसी गंभीर अथवा जन्मजात बीमारी से ग्रसित है और जिसका परिवार उपचार कराने में असमर्थ है, तो उसकी जानकारी निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र अथवा संबंधित विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि उसे समय पर उपचार एवं सहायता प्रदान की जा सके।

## श्रीनगर एयरपोर्ट बंद करने के फैसले पर पुनर्विचार की मांग, उमर अब्दुल्ला ने केंद्र से लगाई गुहार



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार से श्रीनगर एयरपोर्ट को निर्धारित अवधि के लिए बंद करने के फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है। उनका कहना है कि पर्यटन सीजन के चरम समय में एयरपोर्ट बंद होने से घाटी की अर्थव्यवस्था, पर्यटन उद्योग और आम लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

जानकारी के अनुसार, श्रीनगर एयरपोर्ट पर रनवे मरम्मत और रखरखाव कार्य के चलते इस वर्ष अक्टूबर के पहले पखवाड़े में उड़ान सेवाएं प्रभावित होने की संभावना है। इस मुद्दे को लेकर उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात कर चिंता जताई। उन्होंने सुझाव दिया कि मरम्मत कार्य को चरणबद्ध तरीके से किया जाए या फिर कम व्यस्त अवधि में स्थानांतरित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्टूबर का महीना कश्मीर पर्यटन के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। पश्चिम बंगाल, गुजरात और महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में पर्यटक इस दौरान घाटी पहुंचते हैं। चिनार के सुनहरे पत्तों के कारण इस मौसम को गोल्डन कश्मीर के नाम से भी जाना जाता है। उमर अब्दुल्ला ने यह भी प्रस्ताव रखा कि यदि श्रीनगर एयरपोर्ट को पूरी तरह बंद करना अनिवार्य हो, तो दक्षिण कश्मीर स्थित अवंतीपोरा एयरबेस को अस्थायी रूप से नागरिक उड़ानों के लिए खोला जाए, ताकि घाटी की हवाई कनेक्टिविटी बनी रहे। पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी एयरपोर्ट बंद होने पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि हाल के वर्षों में पर्यटन क्षेत्र कई चुनौतियों से गुजरा है और ऐसे समय में हवाई संपर्क बाधित होने से स्थानीय कारोबार पर गंभीर असर पड़ सकता है। फिलहाल केंद्र सरकार ने मामले पर अंतिम निर्णय नहीं लिया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार विकल्पों पर विचार किया जा रहा है ताकि मरम्मत कार्य भी पूरा हो और कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़े।

स्वामी/प्रकाशक वीरेन्द्र सिंह ने मुद्रक प्रमोद कुमार, जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः 40 शांतिपुरम कॉलोनी जगजीतपुर, कनखल, हरिद्वार, उत्तराखंड 249408 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। वीरेन्द्र सिंह (सम्पादक) 9411111733, डॉ सुशील शर्मा(उप संपादक) 9837906777 किसी भी वाद विवाद का निपटारा हरिद्वार में होगा। वेबसाईट- www.pathpravah.com